**प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा प्रथम) का कार्यालय, मध्य प्रदेश**
**ऑडिट भवन, झाँसी रोड, ग्वालियर**

क्र. प्रशासन-11/स-4/CAG-ICSSR/Article Writing/ दिनांक: 24.07.2026

**सूचना** -03 (परिपत्र)

CAG–ICSSR Research Article Competition के व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR) के संयुक्त तत्वावधान में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों में अध्ययनरत स्नातक (UG), स्नातकोत्तर (PG) एवं डॉक्टोरल विद्यार्थियों हेतु **CAG–ICSSR Research Article Competition** आयोजित की जा रही है।उक्त प्रतियोगिता राज्य/केंद्रशासित प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता हेतु शोध आलेख निम्नलिखित विषयों पर आमंत्रित किए गए हैं:—

1. वित्तीय संघवाद एवं शासन व्यवस्था
2. सामाजिक क्षेत्र व्यय
3. कौशल विकास, रोजगार एवं MSMEs
4. शहरी एवं ग्रामीण स्थानीय निकायों का सशक्तिकरण

राज्य/केंद्रशासित प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टियाँ 22 अनुसूचित भाषाओं एवं अंग्रेजी में तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु हिंदी एवं अंग्रेजी में स्वीकार की जाएंगी। प्रविष्टियाँ केवल ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत की जा सकेंगी।State/UT Level प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि **31 अगस्त 2026** एवं National Level प्रतियोगिता हेतु अंतिम तिथि **30 सितम्बर 2026** निर्धारित है।

अतः सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार-प्रसार विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, शोध संस्थानों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में सुनिश्चित करते हुए इच्छुक विद्यार्थियों को भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें। राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता हेतु की गई कार्यवाही की रिपोर्ट 20 जुलाई 2026 तक तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु रिपोर्ट 20 अगस्त 2026 तक ई-मेल आईडी aao5ppg@cag.gov.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

हस्ता/-
उप महालेखाकार/प्रशासन

क्र. प्रशासन-11/स-4/CAG-ICSSR/Article Writing/ दिनांक: 24.07.2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. सचिव, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम), म.प्र. ग्वालियर।
2. सचिव, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), ग्वालियर|
3. उप महालेखाकार/प्रशासन, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम) का कार्यालय, म.प्र. ग्वालियर।
4. उप महालेखाकार/प्रशासन, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) का कार्यालय, म.प्र. ग्वालियर।
5. उप महालेखाकार/AMG-I,AMG-II,AMG-III,AMG-IV &AMG-V प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम) का कार्यालय, म.प्र. ग्वालियर।
6. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी / आई.एस. विंग — कृपया इन्ट्रानेट पर अपलोड करें
7. महेश कुमार अलोरिया, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी — इन्टरनेट एवं इन्ट्रानेट संबन्धित कार्य हेतु
8. सूचना पटल।
9. गार्ड फाइल।

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/प्रशासन–11